खंड घ रचनात्मक लेखन

प्रश्न 7 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

1. ऑनलाइन लाइब्रेरी
2. सफाई अभियान का उद्देश्य
3. कोहरे की चादर से ढकी सुबह

प्रश्न 8 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन लिखिए। 5

1. अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

अथवा

2. अपने मित्र को उसकी यात्रा की मंगल कामना करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 9 संवाद लेखन। 5

गृह कार्य न करने का कारण बताते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

प्रश्न 10 विज्ञापन– अपनी मनपसंद घड़ी का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

प्रश्न 11 चित्र वर्णन– दिए गए चित्र को देखकर चित्र वर्णन कीजिए। 5



मैत्री विद्या निकेतन सी. से. स्कूल, रिसाली, भिलाई,

वार्षिक परीक्षा–2022–23

समय 3 घंटे **कक्षा–सातवीं (विषय–हिंदी)** **पूर्णांक 80**

निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र के 4 खंड है क, ख ,ग ,घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।
4. कुल प्रश्नों की संख्या 11 है।

खंड क अपठित बोध

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश– दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 10

प्रातः काल का समय अमृत के समान होता है। सुबह–सुबह शीतल वायु में जो भी काम किया जाता है, उससे हमें ताजगी एवं प्रसन्नता मिलती है। पढ़ने लिखने तथा व्यायाम करने के लिए प्रातः काल का समय सर्वोत्तम होता है। जो लोग सुबह देर से उठते हैं, वे सारा दिन आलस्य से भरे होते हैं। सुबह उठकर टहलने से हम प्रकृति का पूरा आनंद ले सकते हैं। पूर्व दिशा में उदित होता सूर्य अपनी लालिमा से हमें प्रकाश देता है। शीतल हवा से पेड़ पौधे नत्य करते प्रतीत होते हैं। पक्षियों की मधुर चहचहाहट वातावरण में संगीत बिखेर देती है। बागों में फूल की सुंदरता सबका मन मोह लेती है। प्रातः काल का वातावरण सारा दिन मन को प्रफुल्लित रखता है।

1. प्रातः काल का समय कैसा होता है?
2. सुबह सुबह काम करने से क्या होता है?
3. व्यायाम करने का सर्वोत्तम समय कौन सा है?
4. कैसे लोग आलस्य से भरे होते हैं?
5. प्रकृति का आनंद हम कब ले सकते हैं?
6. सूर्य की लालिमा हमें क्या देता है?
7. नृत्य कौन कर रहे हैं?
8. वातावरण में संगीत कौन बिखेरता है?
9. हमारे मन को प्रफुल्लित कौन रखता है?
10. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2 अपठित काव्यांश– दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

सूरज हमें रोशनी देता,
तारे शीतलता बरसाते।
चाँद बांटता अमृत सबको,
बादल बरसा दे जाते।
जुगनू भी देते थोड़ा प्रकाश,
बिना अभिमान पेड़ देते हैं।
बीज, फल, फूल और छाया
कुदरत रोज हमें सिखाती,
जग हित में हित करना।

1. तारे क्या बरसाते हैं?
2. सबको अमृत कौन बांटता है?
3. जुगनू हमें क्या देते हैं?
4. कुदरत हमें क्या सिखाती है?
5. अभिमान शब्द का अर्थ लिखिए।

खंड–ख–व्याकरण

प्रश्न 3 .क. निम्नलिखित का संधि कीजिए। 2

1. देव् + आलय=
2. दया + आनंद =

ख. 'ला' तथा 'अन' उपसर्ग से एक एक नए शब्द बनाइए। 2

ग. मूल शब्द तथा प्रत्यय मिलाकर नए शब्द बनाइए। 2

1. बिछ् + औना=
2. बन् + आवट =

घ. निम्नलिखित शब्दों का तद्भव रूप लिखिए। 2

नव, शत

ड़ . एक शब्द में उत्तर लिखिए। 2

1. साथ पढ़ने वाला
2. जिसे प्राप्त करना आसान हो

च. निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य तथा विद्येय छांटकर लिखिए। 2

1. सुमित भाग रहा है।
2. बंदर कूद रहे हैं।

छ. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करिए। (कोई एक) 2

1. कान भरना 2. होश उड़ जाना

ज. निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिन्ह लगाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1

1. संदीप ————————पानी पिलाया।
2. मैं कार ——————दिल्ली जाऊंगा।

खंड–ग–भाषा बोध

प्रश्न 4 दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

धनराज का बचपन मुश्किलों से भरा रहा। वे बहुत गरीब थे। उनके दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे उन्हीं के चलते धनराज को भी हॉकी खेलने का शौक हुआ। पर हॉकी स्टिक तक खरीदने तक की हैसियत नहीं थी। इसलिए वह अपने साथियों की स्टिक उधार मांग कर खेलते थे। इसके लिए उन्हें बहुत धीरज के साथ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। उन्हें पहली स्टीक तब मिली जब उनके बड़े भाई को भारतीय कैंप के लिए चुन लिया गया।

1. धनराज को हॉकी खेलने का शौक किन्हें देखकर हुआ? 2
2. धनराज को पहली हॉकी स्टिक कब मिली? 2
3. धनराज का बचपन कैसा था? 1

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3x5= 15)

1. मोर और मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए थे? जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का स्वागत किस प्रकार किया गया?
2. खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
3. कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं तब क्या होता है?
4. दूसरों की हित चाहने की भावना किस किस में पाई जाती है?
5. आँख में तिनका पढ़ते ही घमंडी की क्या दशा हुई । घमंडी की आँख में तिनका निकालने के लिए उनके आसपास के लोगों ने क्या किया?

प्रश्न 6 क. अर्जुन की धनुष की टंकार सुनकर भीष्म पितामह ने क्या अनुमान लगाया? 3

ख. पांडवों ने अपना अज्ञातवास कहाँ और कैसे बिताया? 2